HD-04

December - Examination 2016

B.A. Pt. II Examination

हिन्दी साहित्य का इतिहास

Paper - HD-04

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 100**

निर्देश : यह प्रश्न–पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। खण्ड में दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(खण्ड – अ) **10 × 2 = 20**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i) आदिकाल का नामकरण 'वीरगाथा काल' किसने किया है?

(ii) सिद्ध साहित्य की कोई दो प्रवृत्तियाँ लिखिए।

(iii) रीति सिद्ध काव्य धारा के प्रमुख कवि का नाम बताइए।

(iv) कामायनी महाकाव्य के रचयिता कौन हैं?

(v) तुलसीदास कवि की किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए।

(vi) द्विवेदी युग के किन्हीं दो कवियों का नाम उनकी एक – एक रचना के साथ लिखिए।

(vii) सुमित्रानन्दन पंत को छायावादी काव्य धारा का कवि क्यों माना जाता है?

(viii) प्रेमचन्दोत्तर युग के किन्हीं दो कहानीकारों के नाम दीजिए।

(ix) रेखाचित्र और संस्मरण में अन्तर लिखिए।

(x) 'चन्द्रगुप्त' और 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक के रचयिता कौन हैं।

(खण्ड – ब) **4 × 10 = 40**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। शब्द सीमा लगभग 200 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न 10 अंकों का है।

2) सूफी काव्यधारा के प्रमुख कवियों का उल्लेख करते हुए इस काव्य का महत्व रेखांकित कीजिए।

3) ''ज्ञानमार्गी (संत) काव्यधारा के प्रमुख कवि कबीर माने जाते हैं।'' सिद्ध कीजिए।

4) निर्गुण भक्ति काव्य और सगुण भक्तिकाव्य में अन्तर को स्पष्ट कीजिए।

5) भारतेन्दु युग की सामान्य प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

6) प्रेमचन्द्र युगीन कथा साहित्य पर टिप्पणी लिखिए।

7) ''अज्ञेय प्रयोगवाद के प्रतिनिधि कवि हैं।'' इस कथन को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

8) नाटक के स्वरूप व विकास को संक्षेप में समझाइए।

9) ''प्रगतिवादी काव्य धारा में सामाजिक समानता व जनचेतना का स्वर प्रमुख है।'' सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(खण्ड – स) $2 \times 20 = 40$

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। शब्द सीमा लगभग 500 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न 20 अंकों का है।

10) छायावाद का अर्थ स्पष्ट करते हुए इस काव्यधारा की प्रमुख प्रवृत्तियों का सोदाहरण विवेचन कीजिए।

11) 'आधुनिक कालीन साहित्य की पृष्ठभूमि' पर एक लेख लिखिए।

12) नयी कविता आंदोलन के संवेदना और शिल्प पक्ष का वर्णन कीजिए।

13) हिन्दी आलोचना के उद्‌भव व विकास को विस्तार से निरूपित कीजिए।